पत्रांकः–14 / ए.एफ.–21 / 2021....(अंश) – 1054
बिहार सरकार,
शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अरशद फिरोज,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
बी०आर०ए० बिहार विश्वविद्यालय,
मुजफ्फरपुर।

पटना, दिनांक 20/07/2022

विषयः– राजकेश्वर राव नंदनगढ़ डिग्री महाविद्यालय, बिजबैनीया, लौरिया, पश्चिमी चम्पारण को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों में पास एवं प्रतिष्ठा स्तरों में सत्र 2022–25 एवं 2023–26 के लिए अस्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके विश्वविद्यालय के पत्रांक–बी / 393 दिनांक 26.02.2022 के आलोक में बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा–21 (2) (d) के अधीन एवं राज्यपाल सचिवालय से निर्गत परिनियम संख्या–1098 दिनांक 19.04.1986, पत्रांक–3196 दिनांक 14.12.2017 एवं पत्रांक–3074 दिनांक 25.10.2019 के अन्तर्गत महाविद्यालय के धारित भूमि पर महाविद्यालय के साथ–साथ अन्य कार्य हेतु भवन निर्माण कराये जाने संबंधित तथ्य के क्रम में मात्र विचाराधीन महाविद्यालय के लिए ही अन्य कार्य एवं भवन निर्माण का कार्य किये जाने के निदेश के साथ राज्य सरकार ने राजकेश्वर राव नंदनगढ़ डिग्री महाविद्यालय, बिजबैनीया, लौरिया, पश्चिमी चम्पारण को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों में पास एवं प्रतिष्ठा स्तरों के निम्नवत विषयों में सत्र 2022–25 एवं 2023–26 अस्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध में सहमति प्रदान की है।

क्र०	संकाय	विषय
1.	कला संकाय	हिन्दी, ऊर्दू, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, इतिहास, मनोविज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, दर्शनशास्त्र, गृहविज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, संगीत व गणित।
2.	विज्ञान संकाय	भौतिकी, रसायनशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं गणित।
3.	वाणिज्य संकाय	एकाउन्टेंसी, कॉरपोरेट एडमिनिस्ट्रेशन, बिजनेस इनवायरनमेंट व बिजनेस फाइनान्स।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

LNMU